965

<u>सर्वोच्च प्राथमिकता/समयबद्ध/द्वारा फैक्स/ ई–मेल</u>

# उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय इलाहाबाद–।

संख्याः 18–30–2014 दिनांक :इलाहाबादः अप्रैल 11 ,2015

सेवा में,

1. अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
2. अपर पुलिस महानिदेशक, पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
3. अपर पुलिस महानिदेशक, पीएसी, पीएसी मुख्यालय, लखनऊ।
4. अपर पुलिस महानिदेशक, तकनीकी सेवायें मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
5. अपर पुलिस महानिदेशक, फायर सर्विस मुख्यालय, उ0प्र0, लखनऊ।
6. अपर पुलिस महानिदेशक, यातायात निदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ।
7. अपर पुलिस महानिदेशक, मानवाधिकार, उ0प्र0, लखनऊ।
8. अपर पुलिस महानिदेशक, पी0टी0एस0, उन्नाव।
9. पुलिस महानिरीक्षक एवं पुलिस महानिदेशक के सहायक, उ0प्र0, लखनऊ।
10. पुलिस महानिरीक्षक, ए0टी0एस0, लखनऊ।
11. समस्त पुलिस महानिरीक्षक, जोन्स, उत्तर प्रदेश।
12. पुलिस महानिरीक्षक, पीएसी, पूर्वी/मध्य/पश्चिमी जोन, उत्तर प्रदेश।
13. पुलिस महानिरीक्षक, रूल्स एण्ड मैनुअल, उ0प्र0 लखनऊ।
14. पुलिस महानिरीक्षक, पी0टी0एस0, गोरखपुर।
15. पुलिस महानिरीक्षक, पी0टी0सी0 प्रथम, मुरादाबाद।
16. पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस अकादमी, मुरादाबाद।
17. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, परिक्षेत्र, उत्तर प्रदेश।
18. समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक, पीएसी सेक्टर, उत्तर प्रदेश।
19. पुलिस उपमहानिरीक्षक, विशेष जांच, उ0प्र0, लखनऊ।
20. अपर पुलिस अधीक्षक, ए0टी0एस0/अन्तर्राज्यीय सीमा फोर्स मुख्यालय, लखनऊ।
21. पुलिस उपाधीक्षक, प्रशिक्षण, वाराणसी, बरेली, झॉसी, मेरठ, फैजाबाद परिक्षेत्र।

---

**विषय :** पुलिस मुख्यालय संवर्ग में नियुक्त निरीक्षक(एम)/कार्यालय अधीक्षक, एस0आई0(एम) एवं एस0आई0(एम) की सूची निर्गत किया जाना।

---

कृपया उपयुर्क्त विषयक पुलिस मुख्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक 19.11.2014 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा आपके कार्यालयों में पुलिस मुख्यालय संवर्ग में नियुक्त लिपिक कर्मियों की सूची निर्धारित प्रारूप (16 कालम) में पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था।

2– उक्त सम्बन्ध में वांछित सूचना आपके कार्यालयों से पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध करायी गयी है। उक्त प्राप्त सूचनाओं के आधार पर पुलिस मुख्यालय में सूची तैयार करायी गयी है।

3— पुलिस मुख्यालय में तैयार करायी गयी सूची को uppolice.nic.in में Police Head Quarters (PHQ) के PHQ circulars (subject) में Estt. Matters of Ministerial में PDF File में प्रदर्शित कर सिस्टम पर Upload कर दिया गया है। अतः इस Upload सूचना को अपने कार्यालय में स्थापित सिस्टम में डाउनलोड करके अपने स्तर से संबंधित कर्मियों को संज्ञानित/सूचित करने का कष्ट करें। यदि उक्त सूची में आपके कार्यालय के किसी कर्मी को कोई आपत्ति हो अथवा किसी का नाम सूची में अंकित न हो अथवा किसी संशोधन की आवश्यकता हो या **मुख्य रूप से यथा—जन्म तिथि, भर्ती की तिथि व प्रोन्नति की तिथि में किसी संशोधन की आवश्यकता हो तो** इस संबंध में 07 दिवस के अन्दर प्रत्यावेदन प्राप्त कर अपने पास उपलब्ध अभिलेखों आदि के आधार पर इसका परीक्षण कर लिया जाय तथा अपनी टिप्पणी/संस्तुति सहित दिनांक 15.04.2015 तक प्रत्येक दशा में पुलिस मुख्यालय के अनुभाग—18 के ई—मेल sectionofficer18phq@gmail.com पर साफ्ट कॉपी एवं हार्ड कॉपी सहित सीधे अनुभाग—18 में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

4. उक्त सम्बन्ध में सूचना प्रेषित करते समय लिपिक कर्मियों के अभ्युक्ति के कालम में यह स्पष्ट रूप से अंकित किया जाय कि वह पत्र व्यवहार अथवा आंकिक का कार्य वर्तमान में किस तिथि से कर रहे हैं।

5. उल्लेखनीय है कि इस सूची में अंकित कर्मियों के क्रम से उनकी वरिष्ठता के संबंध में किसी प्रकार की अवधारणा नहीं की जायेगी।

<u>संलग्नक : सूची।</u>

(कवीन्द्र प्रताप सिंह)
पुलिस अधीक्षक, कार्मिक
उत्तर प्रदेश।

<u>संख्या तथा दिनांक वही—</u>

प्रतिलिपि—पुलिस महानिरीक्षक, स्थापना, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

<u>संख्या तथा दिनांक वही—</u>

<u>प्रतिलिपि</u>

1— पुलिस अधीक्षक, कार्मिक, पुलिस मुख्यालय, उत्तराखण्ड राज्य, देहरादून।

2— प्रभारी आई0टी0 सेल, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को इस अनुरोध के साथ प्रेषितहै कि वे कृपया उक्त सूची को पुलिस के वेबसाइट uppolice.nic.in पर Upload करते हुये समस्त संबंधित को उनके ई—मेल पर भी भेजकर अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

3— प्रभारी फैक्स, पुलिस मुख्यालय, इलाहाबाद को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वे कृपया उक्त पत्र को समस्त संबंधित को भेजकर अनुपालन आख्या से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

11/4/15

(कवीन्द्र प्रताप सिंह)
पुलिस अधीक्षक, कार्मिक
उत्तर प्रदेश।